University in News on 26 July 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीटेक, बीफार्मा, एमसीए की खाली सीटों पर सीधे दाखिले

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया फॉर्म, 24 अगस्त तक करें आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। बीटेक, बीफार्मा और एमसीए की खाली सीटों पर लखनऊ विश्वविद्यालय अभ्यर्थियों को सीधे दाखिला देगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन फॉर्म जारी कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित इंजीनियरिंग संकाय में 24 अगस्त तक अपना आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

लविवि बीटेक व एमसीए कोर्स में भी लेटरल एंट्री के जरिए अभ्यर्थियों को दूसरे वर्ष में सीधे प्रवेश देगा। इसके लिए भी विवि में आवेदन किए जा सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विवि, उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसिलिंग (यूपीटीएसी) 2024 में रिक्त सीटों पर यह प्रवेश लेगा। प्रवेश के लिए आवेदन करने के बाद अभ्यर्थी को विवि वित्त नियंत्रक के नाम पर 500 रुपये का ड्राफ्ट बनवाना होगा। इसे आवेदन पत्र के साथ 24 अगस्त तक अधिष्ठाता अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के कार्यालय में जमा करना होगा। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की जाएगी। अभ्यर्थी को जेईई 2024, सीयूईटी यूजी या पीजी की परीक्षा में पास होना अनिवार्य होगा।

आवेदन के लिए यह होगी पात्रता : बीटेक में प्रवेश के लिए आवेदक को किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में 12वीं पास होना अनिवार्य है। एमसीए में एडमिशन के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ बीसीए या बीएससी कंप्यूटर साइंस या बीएससी आईटी की डिग्री होना जरूरी है। जबकि बीफार्मा में प्रवेश के लिए साइंस ग्रुप से 12वीं परीक्षा पास होना चाहिए।

लखनऊ विश्वविद्यालय में मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई स्ट्रीम में बीटेक कार्यक्रम संचालित हैं।

लविवि में बढ़ रही विद्यार्थियों की आमद। -संवाद

बीटेक व एमसीए में भी लेटरल एंट्री से दूसरे वर्ष में हो सकेंगे सीधे प्रवेश

प्रति सेमेस्टर फीस

बीटेक- 60,130 रुपये

एमसीए- 56,130 रुपये

बीफार्मा- 60,130 रुपये

(नोट- प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले छात्रों को पंजीकरण शुल्क 1000 रुपये और कॉशन मनी 5000 रुपये भी जमा करना होगा।)

इन दस्तावेजों संग जमा करें फॉर्म

- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट व सर्टिफिकेट।
- एमसीए के लिए बीसीए या बीएससी की मार्कशीट व सर्टिफिकेट।
- लेटरल एंट्री के लिए डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग की मार्कशीट व सर्टिफिकेट।
- आरक्षण के लिए एक अप्रैल, 2024 के बाद का जाति प्रमाण पत्र।

केकेसी में बीबीए, बीकॉम ऑनर्स की मेरिट जारी

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र (केकेसी) पीजी कॉलेज ने स्नातक पाठ्यक्रमों में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में बृहस्पतिवार को बीबीए (आईबी) और बीकॉम ऑनर्स कोर्स की मेरिट जारी कर दी है। अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट jnpg.org.in पर विस्तृत मेरिट सूची देख सकते हैं। (संवाद)

पीजी के सात कोर्सों में 27 से 31 तक प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। परास्नातक के सात कोर्सों में लखनऊ विश्वविद्यालय 27 से 31 जुलाई के बीच दाखिला लेगा। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने पत्र जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। इन पाठ्यक्रमों में विवि को सीटों के सापेक्ष पर्याप्त आवेदन नहीं मिले थे, इसलिए इनकी प्रवेश परीक्षा नहीं कराई गई थी।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी फ्रेंच के अभ्यर्थी 27 जुलाई, पीजी अबर कल्चर के अभ्यर्थी 30 जुलाई, पीजी अरबी के विद्यार्थी 29 जुलाई, पीजी वेस्टर्न हिस्ट्री 30 व 31 जुलाई, पीजी संस्कृत के अभ्यर्थी 29 और 30 जुलाई, एमलिब के अभ्यर्थी 29 और 30 जुलाई, एमए व एमएससी योगा के अभ्यर्थी 29 जुलाई को अपने सभी शैक्षिक अभिलेखों के साथ संबंधित विभाग में रिपोर्ट करेंगे। अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग वहीं होगी। इसके बाद उन्हें फीस जमा करने के संबंध में निर्देशित किया जाएगा।

सीटों के सापेक्ष पर्याप्त आवेदन न आने से नहीं हुई थी प्रवेश परीक्षा

बीएससी गणित का पहला सीट आवंटन जारी

प्रवेश विभाग ने बीएससी गणित में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का पहला सीट आवंटन जारी कर दिया। अभ्यर्थी 26 जुलाई को 12 बजे के बाद लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से अपना आवंटन विवरण देख सकते हैं। यह आवंटन उनकी चॉइस के हिसाब से किया गया है। चयनित अभ्यर्थी 28 जुलाई तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क ऑनलाइन विवि की वेबसाइट पर जारी कर सकते हैं।

लखनऊ विवि को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिले : डॉ. दिनेश शर्मा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में शिक्षक रहे और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने लविवि को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने के मांग की है। डॉ. शर्मा ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में पीठासीन उप सभापति डॉ. हरिवंश के सामने यह मांग रखी।

राज्यसभा सांसद ने सदन में उठाई मांग

उन्होंने कहा कि लखनऊ विवि देश के उन चुनिंदा विवि में शामिल है जिन्हें सौ वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा का मुकाम हासिल है। उन्होंने कहा कि विवि ने देश और दुनिया को तमाम मानी जानी हस्तियां दी हैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा और डॉ. जाकिर हुसैन यहीं के छात्र रहे हैं। विवि बेहतरीन शिक्षा के दम पर पूरे विश्व में छाप छोड़ रहा है। विवि के केंद्रीय विवि बनने से लखनऊ ही नहीं आसपास के संबद्ध जिलों के कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

डीन कार्यालय में आवेदन के लिए 24 अगस्त तक जमा करना होगा फॉर्म

बीटेक, बीफार्मा-एमसीए की खाली सीटों पर सीधे प्रवेश

दाखिले की दौड़

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में सीधे प्रवेश के लिए अब 24 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। पहले अंतिम तिथि 25 जुलाई तय की गई थी। इस संबंध में एलयू की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रवक्ता का कहना है कि बीटेक व एमसीए लेट्रल इंट्री के जरिए द्वितीय वर्ष में भी सीधे एडमिशन लिए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी) 2024 से रिक्त रहने वाली सीटों पर एलयू अपने स्तर से दाखिले लेगा। इस संबंध में विवि की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज पर आवेदन पत्र अपलोड कर दिया गया है। जहां से अभ्यर्थी आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। विवि बेहतरीन शिक्षा के दम पर पूरे विश्व में छाप छोड़ रहा है। विवि के केंद्रीय विवि बनने से लखनऊ ही नहीं आसपास के संबद्ध जिलों के कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। (संवाद)

25 जुलाई पहले तय की गई थी दाखिले के लिए अंतिम तिथि

पाठ्यक्रमों की प्रति सेमेस्टर फीस

- बीटेक- 60,130 रुपये
- एमसीए- 56,130 रुपये
- बीफार्मा- 60,130 रुपये

(नोट- प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले छात्रों को पंजीकरण शुल्क 1000 रुपये और कॉशन मनी 5000 रुपये भी जमा करना होगा।)

छात्रों को इन दस्तावेजों संग जमा करें फॉर्म

- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट व सर्टिफिकेट।
- एमसीए के लिए बीसीए या बीएससी की मार्कशीट व सर्टिफिकेट।
- लेट्रल इंट्री के लिए डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग की मार्कशीट और सर्टिफिकेट।
- आरक्षण के लिए एक अप्रैल, के बाद का जाति प्रमाण पत्र।

(नोट- उक्त सभी दस्तावेजों को स्वहस्ताक्षरित कर आवेदन फॉर्म के साथ संलग्न करना होगा।)

ने बताया कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थी जेईई 2024, सीयूईटी यूजी या पीजी में कोई परीक्षा पास होने चाहिए। उनका कहना है कि 24 अगस्त तक रिक्त सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद विवि की ओर से मेरिट सूची जारी की जाएगी। जिसके अनुसार प्रवेश होंगे।

प्रवेश के लिए पात्रता तय : एलयू में मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई स्ट्रीम में बीटेक कार्यक्रम संचालित है। बीटेक में प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में 12वीं पास होना अनिवार्य है। एमसीए में एडमिशन के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ बीसीए या बीएससी कंप्यूटर साइंस या बीएससी आईटी की डिग्री होना जरूरी है। जबकि बीफार्मा में प्रवेश के लिए साइंस ग्रुप से 12वीं परीक्षा पास होना चाहिए।

केकेसी में बीकॉम ऑनर्स बीबीए की मेरिट सूची जारी

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में शैक्षिक सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीकॉम ऑनर्स और बीबीए आईबी की पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई है।

प्राचार्य प्रो. विनोद चन्द्र ने बताया कि बीकॉम ऑनर्स में ऑल कैटेगरी मेरिट 78.60 फीसदी और बीबीए आईबी में ऑल कैटेगरी मेरिट 71.40 प्रतिशत घोषित की गई है। प्रथम मेरिट सूची के तहत इन दोनों कार्यक्रमों में प्रवेश शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएंगे। प्रथम मेरिट सूची से संबंधित अभ्यर्थियों के प्रवेश 29 जुलाई तक ही लिए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे से तीन बजे तक अपनी काउंसलिंग करानी है। प्रथम मेरिट सूची के बाद शेष सीटों के सापेक्ष दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी।

एलएलबी में आवेदन की तिथि बढ़ाई

केकेसी में पीजी स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रावार्य का कहना है एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में आवेदन करने की तारीख बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट से जानकारी हासिल कर सकते हैं।

19 पाठ्यक्रमों के नतीजे जारी, वेबसाइट पर देखें

एलयू

लखनऊ ,संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के तहत 19 कार्यक्रमों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है।

परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमए उर्दू, एमए संस्कृत, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमए अर्थशास्त्र, बीकॉम ओल्ड, एमएससी प्लांट साइंस और एमएसडब्ल्यू दूसरा सेमेस्टर का रिजल्ट जारी किया गया है। एमए अर्थशास्त्र, बीबीए मैनेजमेंट, बीबीए आईबी, एमएससी मैथ्स, एमएससी प्लांट साइंस और एमए मैथ्स चौथा सेमेस्टर के रिजल्ट भी जारी कर दिए गए है। इसके अलावा एमबीए फाइव ईयर मैनेजमेंट, बीबीए मैनेजमेंट, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस, बीएससी होम साइंस छठा सेमेस्टर और बीएलएड तीसरे सेमेस्टर का रिजल्ट भी जारी हो गया है।

राज्यसभा में एलयू को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग

लखनऊ, संवाददाता। एलयू को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की मांग राज्यसभा में उठाई गई है। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने यह मांग गुरुवार को सदन में रखी। उन्होंने एलयू के 100 वर्षों से अधिक का गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों और जाने माने एलुमिनाई का नाम लेकर केंद्रीय विवि का दर्जा देने की मांग रखी।

राज्यसभा सदन में डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि इससे विश्वविद्यालय में संसाधनों की वृद्धि होगी, जिससे छात्रों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का कई विभागों में एक अलग ही सम्मान है। इसके साथ ही दुनिया के कई देशों के विद्यार्थी यहां पढ़ाई करने के लिए भी आते हैं। आस-पास के जनपदों के कई महाविद्यालय एलयू से जुड़े हुए हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि यहां के शिक्षक विश्व के कई विश्वविद्यालयों में बड़े-बड़े उच्च पदों पर गए हैं। छात्रों ने प्रदेश और देश का नाम रौशन किया है। ऐसे में संसाधनों की कमी के कारण छात्रों की प्रगति में कोई अवरोध उत्पन्न न हो, इसके लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना चाहिए।

i-NEXT PAGE 4

बीफार्मा में डायरेक्ट प्रवेश पीजी में एडमिशन के लिए आवेदन 24 तक सत्यापन 27 जुलाई से

एकेटीयू की काउंसिलिंग के बाद खाली सीटों पर एडमिशन लेगी लखनऊ युनिवर्सिटी

LUCKNOW (25 JULY): लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2024-25 में बीटेक, बीफार्मा और एमसीए कोर्सों में सीधे प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि 24 अगस्त तक बढ़ा दी है. एकेटीयू की ओर से काउंसिलिंग के बाद इन कोर्सों में खाली सीटों पर प्रवेश होगा. इसके अलावा बीटेक व एमसीए लेट्रल इंट्री के जरिए द्वितीय वर्ष में भी सीधे प्रवेश का मौका मिलेगा.

कोर्सों की प्रति सेमेस्टर फीस

कोर्स	फीस
बीटेक	60,130 रुपये
एमसीए	56,130 रुपये
बीफार्मा	60,130 रुपये

नोट- प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले छात्रों को रजिस्ट्रेशन फीस 1000 रुपये और काशन मनी 5000 रुपये भी जमा करना होगा.

आवेदन पत्र वेबसाइट पर

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन पत्र लवि की वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं. आवेदन पत्र भरने के बाद विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक के नाम पर 500 रुपये के ड्राफ्ट के साथ 24 अगस्त तक अधिष्ठाता अभियांत्रिकीय व तकनीकी संकाय के कार्यालय में जमा करना होगा. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को जेईई परीक्षा पास होनी चाहिए. 24 अगस्त के बाद मेरिट सूची जारी कर प्रवेश लिए जाएंगे.

डाक्यूमेंट्स सत्यापन की समय सारिणी जारी कर दी गई

LUCKNOW (25 JULY): लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को पीजी एडमिशन प्रक्रिया के अंतर्गत सात विषयों में अभिलेख सत्यापन की समय सारिणी जारी कर दी है. इनमें फ्रेंच, अरब कल्चर, अरेबिक, वेस्टर्न हिस्ट्री, संस्कृत, एमलिबआईएससी व एमए-एमएससी योग शामिल हैं.

समय का रखें ध्यान

फ्रेंच में आवेदन वाले अभ्यर्थी अंग्रेजी विभाग में 27 जुलाई का दोपहर एक बजे, अरेबिक वाले अभ्यर्थी 29 जुलाई को अपने विभाग में सुबह 10:30 बजे पहुंचना है. अरब कल्चर वाले अभ्यर्थियों को अरेबिक विभाग में 30 जुलाई को सुबह 10:30 बजे और उसी दिन वेस्टर्न हिस्ट्री वाले अभ्यर्थियों को विभाग में 11 बजे डाक्यूमेंट्स सत्यापन के लिए आना होगा. एमलिबआईएससी और संस्कृत वाले अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन 29 व 30 जुलाई को होगा. एमए-एमएससी योग में सत्यापन 29 जुलाई को सुबह 10:30 बजे द्वितीय परिसर स्थित योग विभाग में होगा.

बीएससी गणित का सीट आवंटन आज

लखनऊ विश्वविद्यालय बीएससी गणित में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को पहला सीट आवंटन शुक्रवार को जारी करेगा. अभ्यर्थी सीट आवंटन दोपहर 12 बजे के बाद लागिन के माध्यम से देख सकते हैं. सीट पाने वालों को 28 जुलाई को रात 12 बजे तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है. वहीं, लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को 19 पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं. इनमें एमए उर्दू, संस्कृत, इकोनोमिक्स सहित अन्य कोर्स शामिल हैं.

JAGRAN CITY PAGE III

'लवि को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलना चाहिए'

जासं • लखनऊ : लवि को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने को लेकर, गुरुवार को राज्यसभा में पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने मांग उठाई।

उन्होंने सदन में कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय एक ऐसा संस्थान है, जिसने अपने स्थापना के 100 वर्ष पूरे किए हैं। यहां के छात्र, दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। लवि में कई देशों के छात्र पढ़ते हैं। विश्वविद्यालय का एक द्वितीय कैंपस भी है। कई शोधपीठों का निर्माता भी विश्वविद्यालय बना है। उसे देखते हुए उन्होंने मांग की कि इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलना चाहिए। डिजिटल लाइब्रेरी से शोध को लेकर, इसकी गणना कई देशों में हो रही है। ऐसे में संसाधनों की कमी कहीं न कहीं अवरोध उत्पन्न होता है।

PIONEER PAGE 3

राज्यसभा में उठी लखनऊ विश्वविद्यालय को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा देने की मांग

● प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने उठाई सभापति के समक्ष मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के पुरातन विश्वविद्यालय में शामिल लखनऊ विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग एक बार फिर उठी है। हालांकि यह मुद्दा काफी पुराना है और शिक्षक संघ कई बार इसे उठा चुका है। लेकिन इस बार विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा देने की मांग प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने राज्यसभा में उठाया है। गुरुवार को राज्यसभा के सभापति हरिवंश नारायण सिंह के समक्ष एलयू को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा देने की मांग करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि यह प्रदेश के पुराना विश्वविद्यालय में शामिल है। यहां पर कई देशों के छात्र आकर अध्ययन करते हैं। साथ ही इस विवि ने कई नामवीन हस्तियों को दिया है। जिसमें देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. शंकर दयाल शर्मा से लेकर कई लोगों के नाम शामिल हैं। इस विवि ने देश को कई राजनेता, शिक्षाविद् और साहित्यकार दिये हैं। इसके साथ ही यहां से पढ़कर निकले छात्र कई देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इतना ही विवि का विस्तार कई जिलों में होने से यहां पर सालों छात्र अध्ययन कर रहे हैं। साथ ही विवि ने कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल की है। ऐसे में विवि को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देना चाहिए।

शिक्षक संघ ने की सराहना

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा के द्वारा आज संसद में 103 वर्ष पुराने लखनऊ विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने की मांग को राज्यसभा में उठाया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ यह वर्षों से मांग कर रहा है। इस मांग को दिनेश शर्मा द्वारा राज्यसभा में जिस तरह से उठाया गया उसके लिए शिक्षक संघ उनकी केवल सराहना करने के साथ ही उनका आभार भी व्यक्त करता है।

डॉ अनित्य गौरव
महामंत्री
लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ

AMRIT VICHAR PAGE 5

लखनऊ विश्वविद्यालय बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में अब सीधे मिलेगा प्रवेश

24 अगस्त तक डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कार्यालय में जमा करना होगा फॉर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत विद्यार्थियों को बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में सीधे प्रवेश पाने का मौका मिलने जा रहा है। विवि के प्रवक्ता ने बताया है कि बीटेक व एमसीए लेट्रल इंट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में भी प्रवेश लिये जाएंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसिलिंग (यूपीटीएसी) 2024 से रिक्त रहने वाली सीटों पर लखनऊ विवि दाखिले लेगा। ये सुविधा बीटेक, बीफार्मा और एमसीए के छात्रों को दी जा रही है।

सीधे प्रवेश में बीटेक के अभ्यर्थी मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एआई स्ट्रीम विषयों का चयन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में 12वीं पास होना अनिवार्य है। एमसीए में एडमिशन के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ बीसीए या बीएससी कंप्यूटर साइंस या बीएससी आईटी की डिग्री होना अनिवार्य है। बीफार्मा में प्रवेश के लिए साइंस ग्रुप से 12वीं परीक्षा पास होना चाहिए। 24 अगस्त तक रिक्त सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

19 विषयों के परिणाम घोषित : लविवि ने 19 विषयों का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया है कि परीक्षा परिणामों में एमए, एमएससी, एमबीए, बीबीए, बीबीए (आईबी), बीबीए (एमएस), बीएससी ऑनर्स साइंस, एमए, एमकॉम, एमएस डब्लू, बीएलएड सहित अन्य विषय हैं।

यूपीटीएसी काउंसिलिंग के बाद रिक्त रहने वाली सीटों पर किए जाएंगे सीधे दाखिले

कल से शुरू होगी 7 विषयों की काउंसिलिंग

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार से 7 विषयों की काउंसिलिंग शुरू होने जा रही है। 27 को जैव विषय लेने वाले अभ्यर्थियों के मूल प्रमाणों की जांच होगी। 29 को अरेबिक, संस्कृत, एम लिब और एमए-एमएससी योगा में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की जाएगी। 30 और 31 जुलाई को अरब कल्चर, वेस्टर्न हिस्ट्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की काउंसिलिंग होना तय है।

60% से अधिक अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाएं आरंभ हुईं। पहले दिन की दो पालियों में हुई परीक्षाओं में साठ प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस दौरान सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी भी की गई। परीक्षा की पहली पाली प्रातः 10.30 से 12:00 तक हुई। फिर दूसरी पाली 3:00 बजे से 4.30 बजे तक चली। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि परास्नातक से जुड़ी 42 विषयों की प्रवेश परीक्षा 31 जुलाई तक होगी। पहले दिन एप्लीकेशनों में 65 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहे। बायोटेक्नालॉजी में 66, होम साइंस में 68, पब्लिक हेल्थ 65, कंप्यूटर साइंस 66, बीबीए 71, एप्लाइड जियोलॉजी 63, एआईएच 78, बीसीए 73, एजुकेशन 81, पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी 60 और बॉयोकेमिस्ट्री में 77 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए।

बीएससी मैथ के लिए सीट आवंटन जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश में उपलब्ध सीटों के सीट आवंटन की प्रक्रिया जारी हो गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि विवि की स्नातक प्रवेश को लेकर पाठ्यक्रम की ऑनलाइन काउंसिलिंग सीटों का आवंटन कर दिया गया है। पूरा विवरण शुक्रवार को अभ्यर्थियों के लॉगिन पर उपलब्ध हो जाएगा। पाठ्यक्रमों का मेरिट के अनुसार अभ्यर्थियों की दी गई वाइस को देखते हुए सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी लखनऊ विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर पर जाकर पूर्व में दिग गए लॉगिन आईडी पासवर्ड द्वारा आवंटित सीट का विवरण देख सकते हैं।

पेंशन योजना के विकल्प प्रारूप तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया है कि अंशदान पेंशन योजना (राष्ट्रीय पेशन प्रणाली) लागू किये जाने संबंधी राज्य सरकार की अधिसूचना जारी हो चुकी है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित मानते हुए इस व्यवस्था को लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मचारियों पर लागू किया जाना है। इसको लेकर वित्त अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। निर्धारित विकल्प प्रारूप पर विकल्प भरने की व्यवस्था लागू की गयी है।

लविवि को केंद्रीय विवि बनाने की उठी मांग

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. एवं राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने संसद में 103 वर्ष पुराने लखनऊ विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने की मांग की है। राज्यसभा में उठाए गए मुद्दे को विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने सराहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ यह मांग वर्षों से कर रहा है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लखनऊ विवि को केंद्रीय विवि बनाने की मांग

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। राज्यसभा में लखनऊ विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने को लेकर डॉ.दिनेश शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने संसद में 103 वर्ष पुराने लखनऊ विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने की मांग को राज्यसभा में उठाया गया। लविवि शिक्षक संघ यह वर्षों से मांग कर रहा है। डॉ.अनित्य गौरव,महामंत्री लविवि शिक्षक संघ ने बताया कि उक्त मांग को दिनेश शर्मा द्वारा राज्यसभा में उठाने लिए शिक्षक संघ ने उनकी सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

उप्र तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों पर सीधे दाखिला लेगा लविवि

- विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया फॉर्म

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में सीधे प्रवेश का मौका मिलेगा। इसी तरह बीटेक व एमसीए लेट्रल इंट्री के जरिए द्वितीय वर्ष में भी सीधे दखिला लिया जायेगा।

उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी) 2024 से रिक्त रहने वाली सीटों पर लखनऊ विश्वविद्यालय अपने स्तर से दाखिले लेगा। इस संबंध में विवि की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज पर आवेदन पत्र अपलोड कर दिया गया है। जहां से अभ्यर्थी आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने के बाद विवि वित्त नियंत्रक के नाम पर 500 रुपये का ड्राफ्ट बनवाना होगा। जिसे आवेदन पत्र के साथ 24 अगस्त तक अधिष्ठाता अभियांत्रिकीय व तकनीकी संकाय के कार्यालय में जमा कर सकेंगे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थी जेईई 2024, सीयूईटी यूजी या पीजी में कोई परीक्षा पास होने चाहिए। उनका कहना है कि 24 अगस्त तक रिक्त सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद विवि की ओर से मेरिट सूची जारी की जाएगी। जिसके अनुसार प्रवेश होंगे।

लविवि में मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई स्ट्रीम में बीटेक कार्यक्रम संचालित है। बीटेक में प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में 12वीं पास होना अनिवार्य है। एमसीए में एडमिशन के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ बीसीए या बीएससी कंप्यूटर साइंस या बीएससी आईटी की डिग्री होना जरूरी है। जबकि बीफार्मा में प्रवेश के लिए साइंस ग्रुप से 12वीं परीक्षा पास होना चाहिए।

पाठ्यक्रमों की प्रति सेमेस्टर फीस

- बीटेक- 60,130 रुपये
- एमसीए- 56,130 रुपये
- बीफार्मा- 60,130 रुपये

(नोट- प्रथम सेमेस्ट